**भारत सरकार**
**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय**
**उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग**
**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 525**

**बुधवार, 06 दिसंबर, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी)**

**525. कुमारी गोड्डेति माधवी:**
**श्री गौरव गोगोई**
**श्री एन. रेड्डप्पः**
**सुश्री एस. जोतिमणिः**

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 'एक जिला एक उत्पाद' (ओडीओपी) पहल के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है और जिलों तथा राज्यों द्वारा चिह्नित किए गए विशिष्ट उत्पादों का ब्यौरा क्या है;
(ख) चिह्नित किए गए उत्पादों के संवर्धन और निर्यात के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;
(ग) सरकार द्वारा चिह्नित किए गए उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए उत्पाद विशिष्ट अथवा जिला विशिष्ट योजना तैयार करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;
(घ) जिला-विशिष्ट उत्पादों को किस सीमा तक चिह्नित किया गया है; और
(ङ) तमिलनाडु के करूर, त्रिची, पुदुक्कोट्टई और डिंडीगुल जिलों में चिह्नित किए गए उत्पादों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री सोम प्रकाश)**

**(क) :** एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) एक पहल है जिसका लक्ष्य देश के सभी जिलों में संतुलित क्षेत्रीय विकास को प्रोत्साहित करना है। ओडीओपी पहल का उद्देश्य, देश के प्रत्येक जिले से कम से कम एक उत्पाद (एक जिला-एक उत्पाद) का चयन करना, उसे ब्रांड बनाना और उसे बढ़ावा देना है ताकि सभी क्षेत्रों में समग्र सामाजिक आर्थिक विकास को सक्षम बनाया जा सके। ओडीओपी पहल ने विभिन्न क्षेत्रों जैसे वस्त्र, कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, हस्तशिल्प इत्यादि से 1000 से अधिक उत्पादों को चिह्नित किया है, जिसमें देश के प्रत्येक जिले से कम से कम एक उत्पाद शामिल है। ओडीओपी के अंतर्गत किए जाने वाले कुछेक कार्यकलापों का विवरण **अनुबंध-I** में प्रदान किया गया है।

ओडीओपी पहल के तहत चिह्नित किए गए उत्पाद डीपीआईआईटी के वेबसाइट के लिंक https://dpiit.gov.in/sites/default/files/20230821_ODOP_Product%20List_v18_0.pdf पर उपलब्ध है।

**(ख) :** सभी ओडीओपी उत्पादों के संवर्धन और निर्यात के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इसमें अन्य सरकारी/निजी निकायों, जैसे राष्ट्रीय डिजाइन संस्थानों/राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थानों के सहयोग से नियमित रूप से क्षमता निर्माण की पहल करना, गवर्नमेंट ई-मार्केट (जेम), ओडीओपी बाजार के लिए ई-कॉमर्स अभियान चलाना शामिल हैं, जो भारत के सर्वश्रेष्ठ ओडीओपी उत्पादों को प्रदर्शित और उन्हें स्टॉक करता है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर, ओडीओपी पहल की शुरुआत करने के लिए वर्चुअल क्रेता विक्रेता बैठकें की गईं। इसका उद्देश्य, ओडीओपी पहल के तहत उत्पादों की बहुलता और विविधता के बारे में विदेशी राष्ट्रों के गणमान्य व्यक्तियों को अवगत करना है, जिसके परिणामस्वरूप ब्रांड इमेज को प्रोत्साहन मिला और स्थानीय उत्पादों के लिए अंतर्राष्ट्रीय विपणन को बढ़ावा मिला।

शुरू की गई प्रमुख पहलों का विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

**(ग) :** ओडीओपी पहल के तहत, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा मौजूदा इकोसिस्कटम को ध्यान में रखते हुए सभी उत्पादों की पहचान की गई और उनके चयन का कार्य ओडीओपी पहल के अंतर्गत, जमीनी स्तर पर वास्तविकता और चुनौतियों को समझने के लिए गहन फील्ड विजिट किए गए हैं और आपूर्ति श्रृंखला में मौजूद बाधाओं का ब्यौरा देते हुए विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट तैयार की गई है और मौजूदा कौशल के अंतर को दूर करने के लिए संभव क्रियाकलापों की पहचान की गई है। इसमें विभिन्न मंत्रालय/विभागों और स्वायत्त संगठनों द्वारा की जाने वाली कार्रवाई-उन्मुख क्रियाकलापों के साथ-साथ एक्जिम विश्लेषण, जमीनी स्तर पर हितधारकों के समक्ष आ रही चुनौतियां और मुद्दे भी शामिल हैं।

**(घ) :** प्रत्येक जिले के लिए विशिष्ट ओडीओपी उत्पादों की पहचान करने से उस क्षेत्र के विशिष्ट उत्पादों और उनकी विशेषताओं को प्रदर्शित करने में सहायता प्राप्त हुई है और इससे जिले को एक अलग पहचान मिली है। इससे उन उत्पादों के लिए बाजार मांग आकर्षित करने और उन्हें पहचान मिलने में सहायता प्राप्त होती है। यह किसानों और उद्यमियों को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मुख्य बाजारों में प्रवेश करने की अनुमति प्रदान करता है और इससे बाजार पहुंच के लिए नए रास्ते खुलते हैं। ओडीओपी उत्पादों को पहचानने और उन्हें प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए विभिन्न प्रचार-प्रसार और विपणन कार्यकलाप आयोजित किए गए हैं जैसे कि 2022 में टोक्यो, जापान में भारत-जापान आम महोत्सव, जी-20 गिफ्टिंग, अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों और प्रदर्शनियों आदि में प्रतिनिधित्व।

**(ङ) :** तमिलनाडु के करूर, त्रिची, पुदुकोट्टई और डिंडीगुल जिले में चिह्नित उत्पादों का ब्यौरा निम्नानुसार है:

| **राज्य** | **जिला** | **उत्पाद** |
|---|---|---|
| तमिलनाडु | डिंडीगुल | कॉयर पिथ ब्लॉक |
| तमिलनाडु | डिंडीगुल | लहसुन |
| तमिलनाडु | डिंडीगुल | डिंडीगुल ताले |
| तमिलनाडु | करूर | वस्त्र-गृह उत्पाद |
| तमिलनाडु | पुदुकोट्टई | इंजीनियरिंग उत्पाद |
| तमिलनाडु | पुदुकोट्टई | काजू |
| तमिलनाडु | तिरुची (तिरुचिरापल्ली) | इंजीनियरिंग उत्पाद |
| तमिलनाडु | तिरुची (तिरुचिरापल्ली) | चमड़े के उत्पाद |

*****

**<u>अनुबंध-I</u>**

**दिनांक 06.12.2023 को उत्तर दिए जाने के नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 525 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

ओडीओपी के अंतर्गत किए गए कुछ कार्यकलाप निम्नलिखित हैं:

- ओडीओपी उत्पादों को बढ़ावा देने वाले जिलों, राज्यों तथा भारतीय दूतावासों के असाधारण प्रयासों को मान्यता प्रदान करने के लिए डीपीआईआईटी, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर **ओडीओपी पुरस्कार** आरंभ किए हैं।

- **डिज़ाइन जागरूकता कार्यशालाएं:** ओडीओपी पहल के अंतर्गत एनआईडी के सहयोग से उत्पाद विकास, उत्पाद विविधता, डिजाइनिंग इत्यादि के विषय में कारीगरों और शिल्पकारों को प्रशिक्षित करने के लिए सभी राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों में डिजाइन जागरूकता कार्याशालएं आयोजित की जा रही हैं। ओडीओपी पहल के अंतर्गत एनआईडी के सहयोग से 9 राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों – केरल, कर्नाटक, असम, गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार, ओडिशा तथा त्रिपुरा में डिज़ाइन जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित की जा चुकी हैं।
- **एनपीओपी (जैविक) प्रमाणन अभियान:** अब तक 8 राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों – बिहार, जम्मू और कश्मीर, झारखंड, नागालैंड, गोवा, राजस्थान, लद्दाख और त्रिपुरा में 14 एनपीओपी कार्यशालाएं आयोजित की जा चुकी हैं।

- **ओडीओपी जेम बाज़ार** का शुभारंभ, देशभर से ओडीओपी उत्पादों की अधिप्राप्ति और बिक्री को बढ़ावा देने के लिए, 210 से अधिक श्रेणियां बनाकर, सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जेम) पर 29 अगस्त, 2022 को किया गया। ग्रामीण कारीगरों को इस प्लेटफॉर्म पर ऑनबोर्ड करने के लिए ऑनबोर्डिंग कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- **जी-20 गिफ्टिंग:** माननीय जी-20 के प्रतिनिधियों को उपहार स्वरूप भेंट देने में ओडीओपी उत्पादों को सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया गया है। उत्पादों को एक कहानी कार्ड के साथ क्यूरेट किया गया था, जिसमें उत्पाद के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व का उल्लेख किया गया था। अधिकांश उत्पादों का चयन उस राज्य से किया गया था, जिसमें जी-20 की बैठकें हो रही थी।

*****

**<u>अनुबंध-II</u>**

**<u>दिनांक 06.12.2023 को उत्तर दिए जाने के नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 525 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध</u>**

ओडीओपी पहल के तहत चिन्हित उत्पादों के संवर्धन और निर्यात के लिए उठाए गए प्रमुख कदमों का ब्यौरा निम्नानुसार है:

- **भारतीय दूतावासों के साथ बैठकें:** क्रोएशिया, नाइजीरिया, अर्जेंटीना, जिनेवा आदि में भारतीय दूतावास सहित गिफ्टिंग और प्लेसमेंट के लिए कई भारतीय दूतावासों द्वारा ओडीओपी उत्पादों की खरीद की सुविधा प्रदान की गई।
- **निर्यात प्रशिक्षण कार्यशाला:** ओडीओपी पहल के अंतर्गत डाक विभाग के सहयोग से 11 जनवरी, 2023 को पहली निर्यात प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें 5 राज्यों (केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, जम्मू और कश्मीर तथा मेघालय) के 160 से अधिक लोगों ने भाग लिया। डाक घर निर्यात केंद्र पोर्टल का उपयोग करते हुए प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई थी। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रमुख बाजार अवसरों के साथ-साथ निर्यात के लिए मूलभूत आवश्यकताओं पर भी प्रशिक्षण दिया गया।
- **लकाडोंग हल्दी, पशचिम जयंतिया हिल्स, मेघालय:** फरवरी, 2022 में शिलांग, मेघालय से 30 टन लाकाडोंग हल्दी भेजने में सहायता की गई।
- **भारत-जापान आम महोत्सव, टोक्यो, जापान-** भारतीय दूतावास, टोक्यो, जापान तथा कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीईडीए) के सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप- 'टोक्यो, जापान में भारत के आम महोत्सव' के दो संस्करणों के तहत जापान में भारतीय आमों के व्यापार को बढ़ावा दिया गया। इसकी प्रमुख उपलब्धि भारत के खुशबूदार, स्वादिष्ट और स्वास्थ्यवर्धक आम की लॉसन (29 मार्च, 2022) के 127 कन्वीनियंस स्टोर्स तथा निशिकासाई और अकीता प्रीफेक्चर (28, मार्च 2022) के थोक व्यापार में शुरुआत है।
- **अखरोट, बडगाम, जम्मू और कश्मीर (26 सितंबर, 2021)-** जेकेटीपीओ के साथ भागीदारी करके की गई इस पहल से 26 सितंबर, 2021 को 2000 कि.ग्रा. अखरोट के बडगाम, कश्मीर से बैंगलोर, कर्नाटक को निर्यात प्रतिस्थापन में सहायता की गई।
- **सुई धागा: वस्त्र उत्पादों के लिए भारत-रूस क्रेता विक्रेता सम्मेलन (22 सितंबर, 2021)-** भारतीय दूतावास, मॉस्को के साथ भागीदार करके वस्त्र उत्पादों से संबंधित क्रेता विक्रेता सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें रेयॉन और पॉलिएस्टर के वस्त्र उत्पादों पर फोकस किया गया।
- स्विट्जरलैंड के दावोस में जनवरी, 2023 से आयोजित **विश्व आर्थिक मंच** में कई ओडीओपी उत्पादों को प्रदर्शित किया गया।
- ओडीओपी ने **21 जून, 2022 को न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर** में भारत के भारतीय वाणिज्य दूतावास, न्यूयॉर्क के सहयोग से **अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई)** के उत्सव का प्रदर्शन किया और इसे सहायता प्रदान की।
- **आसियान-भारत मिलेट्स महोत्सव, जकार्ता, इंडोनेशिया में ओडीओपी प्रदर्शनी:** ओडीओपी उत्पादों को आसियान में भारतीय मिशन के सहयोग से नवंबर, 2023 को जकार्ता में 5 दिवसीय प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गया था।

*****